निर्णय संघर्ष समिति ने लिया था। पहले पांच सात हजार की संख्या रही होगी।

श्री राम सिंह यादव : कितनी चोटें स्वय एस पी० ने आपके शरीर पर पहुंचाई ?

श्री सत्यनारायण जटिया : लाठी चार्ज के कारण ये चोटें लगी।

श्री राम सिंह यादव : कोई चोट एस० पी० ने स्वयं आपके शरीर पर मारी ?

श्री सत्यनारायण जटिया : नहीं, पुलिस ने पहुंचाई। उसके माध्यम से चोटें आई। एस पी० ने लाठी चार्ज के आदेश दिये थे। उसने मेरे हाथ पकड़ कर रखे, इस कारण चोटें आई।

श्री राम सिंह यादव : क्या आप सिपाहियों को पहचानते हैं ?

श्री सत्यनारायण जटिया : नहीं।

श्री गिरधारी लाल डोगरा : रेलवे ट्रैक पर आप डैमंस्ट्रेशन करने जा रहे थे। यह चीज एम० पी० की नार्मल ड्यूटीज में नहीं आती है। वहां से आपको क्लीयर किया। मैं इसके खिलाफ हूं कि एम० पी० पर कोई भी पुलिस अधिकारी हाथ उठाए या उसको मारे फिर चाहे वह एम० पी० किसी पी पार्टी का हो। लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं। कि वह चीज आप की नार्मल ड्यूटी में एम० पी० कैसे आती है ?

श्री सत्यनारायण जटिया : दोनों बातें अलग-अलग हैं। प्रदर्शन हो चुका था। मुझे जब रोका गया तब प्रदर्शन नहीं हो रहा था। मैं जब इस कार्यक्रम के बाद पार्लियामेंट में आना चाहता था तब मुझे पकड़ा गया और चोट पहुंचाई गई। दोनों अलग अलग घटनाएं हैं। इनको मिलाइये नहीं।

श्री गिरधारी लाल डोगरा : प्रदर्शन कितनी देर चला ?

श्री सत्यनारायण जटिया : पांच मिनट।

श्री गिरधारी लाल डोगरा : जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त प्लेटफार्म पर कोई ट्रेन थी ?

श्री सत्यनारायण जटिया : नहीं थी।

श्री गिरधारी लाल डोगरा : जब आपको रोका गया तो बाहर जाने का जो गेट होता है उसके पहले ही रोका गया ?

श्री सत्यनारायण जटिया : गेट से पहले ही रोक लिया।

श्री गिरधारी लाल डोगरा : कितनी दूर रहा होगा ?

श्री सत्यनारायण जटिया : कोई बीस चालीस मीटर रहा होगा। रेलवे पुलिस थाने के सामने यह घटना हुई।

श्री गिरधारी लाल डोगरा : तब तो रेलवे पुलिस ने रोका होगा ?

श्री सत्यनारायण जटिया : एस० पी० ने रोका।

श्री राम सिंह यादव : अभी आपने कहा है कि इस एस० पी० ने आपके हाथ पकड़ लिए थे और पुलिस कर्मियों ने डंडे मारे। लेकिन आपने जो सदन में वक्तव्य दिया था उसमें जो आपने कहा था वह मैं आपको पढ़ कर बताना चाहता हूं।

> "मैंने पुलिस अधीक्षक से अपनी बात कहना चाही किन्तु सुनना तो दूर रहा अपशब्दों और अभद्रतापूर्वक कहा—बदमाश गुंडे कहीं के नेतागिरी करता है तेरी नेतागिरी अभी ठिकाने लगा देता हूं। कमीने हरिजन कहीं के संसद सदस्य बन गया तो अपनी औकात भूल गया।" उसने डंडों से मेरे शरीर को घायल किया था .....

आज तो आपने इन्कार किया कि एस० पी० ने मुझे डंडा नहीं मारा। जब कि इसमें आपने कहा है।

श्री सत्यनारायण जटिया : मुझे जरा पढ़ने तो दीजिये। मैंने कहा है "रेलवे पुलिस थाने के पास...."।

श्री राम सिंह यादव : आप जरा नीचे आइये। "मैंने पुलिस अधीक्षक से अपनी बात कहना चाही किन्तु सुनना तो दूर रहा अपशब्दों और अभद्रतापूर्वक कहा—'बदमाश-गुंड कहींके नेतागिरी करता है तेरी नेतागिरी अभी ठिकाने लगा देता हूं। कमीने हरिजन कहीं के संसद सदस्य बन गया तो अपनी औकात भूल गया।' उसने डंडों से मेरे शरीर को घायल किया ....."

श्री सत्यनारायण जटिया : उसके माध्यम से उसके आदेश से यह मेरे कहने का मतलब था।

श्री सोम नाथ चटर्जी : प्लेटफार्म पर जो घटना हुई तब आपने किसी लोकल प्रैसमैन को वहां देखा है ?

श्री सत्यनारायण जटिया : जी नहीं । है

श्री रघुनन्दन लाल भाटिया : जिन तीन यूनियन्स ने डेमान्स्ट्रेशन को आर्गेनाइज किया उनमें से आप किसी यूनियन के पदाधिकारी है ?

श्री सत्यनारायण जटिया : बी० एम० एस० का हूं ।

श्री रघुनन्दन लाल भाटिया : बी० एम० एस० के नाते ही आपको डेमान्स्ट्रेशन के लिए बुलाया ?

श्री सत्यनारायण जटिया : जी नहीं, इस स्थानीय प्रदर्शन में मेरे संसदीय क्षेत्र में संसद सदस्य के नाते ही मैं गया था ।

सभापति महोदय : जब प्लेटफ़ार्म या रेलवे ट्रक की घटना हुई उस अवधि में आपने किसी अखबार वाले को देखा कि नहीं, चाहे लोकल प्रैसमैन ही क्यों न हो ?

श्री सत्यनारायण जटिया : जी नहीं । मैं आपसे एक निवेदन करना चाहता हूं कि आप स्पाट का इंस्पेक्शन कर लें ।

सभापति महोदय : समिति की यहीं बैठक होती है । इसकी कोई सब कमेटी नहीं है । यह परम्परा के बिल्कुल विपरीत प्रतिकूल है ।

श्री सत्य नारायण जटिया : फिर मैं समझता हूं कि जो मैंने कहा है कि वही काफ़ी है ।

(*The witness then withdrew*)

Thursday, 18 *November*, 1982

PRESENT

Shri Vijay Kumar Yadav—*In the Chair*

MEMBERS

2. Shri Chandulal Chandrakar
3. Shri Jagan Nath Kaushal
4. Shri K. Ramamurthy
5. Shri Dharam Bir Sinha
6. Shri Krishna Prakash Tewari
7. Shri P. Venkatasubbaiah
8. Shri Zainul Basher

SECRETARIAT

Shri M. P. Gupta—*Chief Examiner of Bills and Resolutions*

WITNESSES

(1) Shri H. P. Singh,
the then Superintendent of Police,
Ujjain.

(2) Shri Ajit Raizada,
the then District Magistrate,
Ujjain.

(*The Committee met at* 10.30 *hours*)

(1) Evidence of Shri H. P. Singh, the then Superintendent of Police, Ujjain.

MR. CHAIRMAN: Shri H. P. Singh, you have been asked to appear before this Committee to give evidence in connection with the question of privilege regarding alleged assault on Shri Satyanarayan Jatiya, M.P., and use of abusive remarks against him by the Police at Ujjain on 15 December, 1981.

I hope you will state the factual position frankly and truthfully to enable this Committee to arrive at a correct finding.

I may inform you that under Rule 275 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, the evidence that you may give before the Committee is to be treated by you as confidential till the Report of the Committee and its proceedings are presented to Lok Sabha. Any premature disclosure or publication of the proceedings of the Committee would constitute a breach of privilege and contempt of the Committee. The evidence which you will give before the Committee may be reported to the House.

Now you may please take oath or affirmation as you like.

(*At this stage, Shri H. P. Singh, took oath*)

MR. CHAIRMAN: Have you gone through the allegation?

SHRI SINGH: Yes.

SHRI JAGAN NATH KAUSHAL: Do you admit the allegation that he has levelled?

SHRI SINGH: No.

SHRI JAGAN NATH KAUSHAL: Now you state in your own words what you have to state.

SHRI H. P. SINGH: मुझे यह निवेदन करना है कि मैं उज्जैन में पुलिस अध्यक्ष के पद पर तैनात था। उज्जैन की कपड़ा मिल चार महीने से बन्द पड़ी थीं जिसमें दस हजार मजदूर काम करते थे। वे मजदूर आन्दोलन कर रहे थे कि मिल चालू हो। इसके लिए वहां पर एक संघर्ष समिति बनाई गई थी जिसमें सीटू, बी० एम० एस० आदि के लोग शामिल थे। वे लोग आन्दोलन कर रहे थे कि शासन इन मिलों को जल्दी चालू कराए। आदरणीय सदस्य जटिया जी उनके सक्रिय सदस्य थे संघर्ष समिति के। उसके सिलसिले में वे जलूस निकालते थे। कभी गेट बन्द कर देते थे कभी ट्रैफिक बन्द कर देते थे। एक बार उन्होंने "उज्जैन बन्द" करवाया था जोकि शांतिपूर्ण रहा था। पिछले नवम्बर में 15 तारीख को उज्जैन बन्द कर आहूवान संघर्ष समिति ने दिया था। हमने एक दिन पहले संघर्ष समिति से मिल कर चर्चा की थी तो उन्होंने कहा था कि बन्द शांतिपूर्ण होगा हमारी भी उन मजदूरों के साथ सहानभूति थी क्योंकि इसमें मजदूरों की रोजी-रोटी का सवाल था। 15-11 की सुबह मिल गेट पर चार हजार मजदूर इकट्ठे हुए थे और शहर में घूमना जारी कर दिया था। उन्होंने मिलों में गेट पर हमले किए और जबर्दस्ती मिल बन्द करवाई। कुछ बसों को उन्होंने रोका और डेरी डेवलपपेन्ट कापोरेशन की गाड़ी को उन्होंने पत्थर मारे ताकि कुछ आतंकी भावना पैदा हो जाए तथा बन्द को सफलता मिल सके। इस प्रकार से एक दिन पहले जो आश्वासन उन्होंने दिया था कि बन्द बड़ा शांतिपूर्ण होगा कोई तोड़-फोड़ नहीं होगी उसका उन्होंने पालन नहीं किया। हम भी यह सोच रहे थे कि बन्द शांतिपूर्ण होगा तथा हम कुछ सहानूभति भी रख थे कि उनकी मांगें पूरी हो जायें क्योंकि इसमें उनकी रोजी का सवाल था। बहरहाल 10 बजे शहीद पार्क में वे लोग मीटिंग के रूप मे परिवर्तित हो गए और जटिया जी ने उनको एड्रस किया। उसके बाद में उन्होंने कहा कि अब आप लोग जाइये और शाम को चार बजे हम फिर इकट्ठा होंगे। जब हमारे पास उनके विसर्जित होने की सूचना आई तो कन्ट्रोल रूम में जाकर जवानों से कह दिया गया कि तुम भी खाना खाओं आधा घंटे के बाद सूचना आई कि एक गुट रेलवे स्टेशन में घुस गया है। सूचना यह थी कि 100-150 मजदूर आ गये हैं जटिया जी उनके साथ हैं। वहां से 2 फरलांग की दूरी पर हमारा कन्ट्रोल रूम था। सूचना मिलने पर मैं और कलैकटर साहब तुरन्त रेलवे स्टेशन गये। वहां पर दो गाड़ियां खड़ी हुई थी और पत्थरबाजी हो रही थी। हमारे आदमी उन को वहां रोकने की कोशिश कर रहे थे। चूंकि यह "बन्द" था इस लिये हम ने बाहर से भी फोर्स बुलाई हुई थी। हमारे ए० डी० एम० ने रेलवे के पब्लिक सिस्टम से घोषणा की कि आप का ऐसा करना ठीक नहीं है यह असेम्बली कानूनन नहीं है आप तितर बितर हो जायं। लेकिन उन की घोषणा का कोई असर नहीं हुआ; वे बराबर पत्थरबाजी करते रहे। हम लोग जब आग बढ़े तो देखा गया कि आदरणीय सदस्य जटिया जी जिन से हमारे बहुत अच्छे सम्बन्ध थे कोई कटूता नहीं थी कोई दुश्मनी नहीं थी व्यक्तिगत रूप से मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं उनके साथ थे तथा दौड़ रहे थे। कुछ पुलिस के सिपाही डण्डा लेकर उस भीड़ को खदेड़ रहे थे। हो सकता है—एक-आधा डण्डा उन को लग भी गया हो। लेकिन जब मैं वहां पहुंचा और उन को देखा तो मैंने कहा कि ये हमारे एम० पी० हैं उन को डण्डा मत मारो। उस के बाद मैं उन को अपने साथ लेकर आया और उन से कहा कि आप जिधर से आये हैं उधर

से ही चले। इस पर जटिया जी बोले कि मैं तो इसी तरफ़ से जाऊंगा। उन्होंने चोट को दिखाया, कुछ फूला हुआ भी था। मैंने कहा कि आप मेरे साथ चलिये, रेलवे डाक्टर को दिखाते हैं, लेकिन जिधर से आप आये हैं उधर से चलिये। अगर आप प्लेट फार्म की तरफ़ से जायेंगे तो उधर दो-ढाई हजार आदमी घुस आये हैं, वहां पर इनोसेन्ट पैसेजर्स भी खड़े हैं पत्थर बाजी से उन को नुकसान पहुंच सकता है, रेलवे प्रापर्टी भी डमेज होगी। उन्होंने प्लेटफार्म की तरफ़ से जाने के लिये ही जिद की। हम ने उन को रोका और कहा— अगर आप नहीं मानेंगे तो हम आपको गिरफतार कर लेंगे। उन्होंने कहा कि आप हमें गिरफ्तारी के लिये वारेंट दिखालाओं। मैंने कहा—सी०आर० पी० सी० 151 में मुझे आप को गिरफ्तार करने का अधिकार है। मैं उन को समझा कर बाहर ले गया लेकिन वह एरेस्ट को भी रेजिस्ट कर रहे थे गाड़ी में चढ़ने से भी इनकार कर रहे थे। बाहर भी काफ़ी भाव इकट्ठा हो गया था, पत्थरबाजी शुरू हो गई थी, लिहाजा उन को जेल भेज दिया गया। वहां हम ने डाक्टर को फोन करके बुलवाया उनका डाक्टरी मुआयना करवाया उन को साधारण चोट थी।

शाम को उन की संघर्ष समिति के लोग आये और कहने लगे कि हमारी ऐसी इन्टेन्शन नहीं थी यह सब अचानक हो गया, इस लिये उन को छोड़ दीजिये। व चार-पांच घन्टे जेल में रहे और 6–7 बजे के करीब उन को छोड़ दिया गया। उसके बाद उन्होंने एक मीटिंग एटेण्ड की जबकि वहां पर दफ़ा 144 लगी हुई थी उन्होंने उसका उल्लंघन किया, तोड़-फोड़ की भी काफ़ी वारदातें वहां पर हुई। मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं—हमारा उद्देश्य उन पर किसी भी प्रकार का प्रहार करना या मारना नहीं था। हम केवल यही चाहते थे कि मजदूर आन्दोलन को लेकर शहर की शान्ति व्यवस्था को भंग न किया जाय। समस्या का मुकाबला करने के लिये हमने बाहर से पुलिस फार्स को मंगाया हुआ था हो सकता है किसी ने धोखे से एक-आध डण्डा उन को मार दिया हो क्योंकि व उन को पहचानते नहीं थे। हम उन की बहुत इज्जत करते हैं। अगर ऐसा हुआ है तो हम खेद प्रकट करते हैं पुलिस की तरफ़ से व्यक्तिगत रूप से भी कमेटी से भी क्षमा चाहते हैं, हम लोग कभी भी संसद सदस्य के प्रति ऐसा काम नहीं करेंगे जिस में संसद-सदस्य की कोई तौहीन हो बेइज्जती हो, मैं तो सिर्फ उन को बचाने के लिय वहां गया था—यही मेरा निवदन है।

सभापति महोदय उन्होंने अपनी एलीगेशन में कहा है—

'I wanted to talk to the Police Superintendent. What to say of listening, he used abusive language.'

"बदमाश, गुण्डे कही के, नेतागिरी करता है, मेरी नेतागिरी अभी ठिकाने लगा देता हूं। कभीने हरिजन कही के, संसद सदस्य बन गया है तो अपनी औकात भूल गया है"

इसके बारे में आपको क्या कहना है?

श्री एच० पी० सिंह: मैंने ऐसा कोई शब्द इस्तेमाल नहीं किया। मैंने तो उन को निवेदन किया था कि आप उधर से मत जाइये, जिस रास्ते से आये हैं उधर से जाइये। मैंने वहां अपने लोगों से कहा कि इन के साथ कोई मारपीट नहीं होनी चाहिये, ये हमारे संसद सदस्य हैं।

मुझे एक निवेदन और करना है—उस के बाद जटिया जी ने एक प्रेस-कान्फ्रेंस बुलाई थी और उस में प्रैस ने एक फोटो छापी थी । आप उस फोटो का अवलोकन कर लें, यह फोटो वहां के लोकल प्रेस ने छापी है, मैं उसकी कटिंग लाया हूं ....

सभापति महोदय : इस बात को कैसे जस्टीफाई करेंगे कि यह उसी दिन छपी है। आप ऐसे करें कि जिस लोकल-प्रेस में छपी है उस दिन के अखबार की कापी कमेटी के पास भेज दें ।

श्री एच० पी० सिंह : वहां जा कर भेज दूंगा ।

सभापति महोदय : ठीक है वहां से भेज दीजिये ।

श्री के० पी० तिवारी : यह तो फोटो-स्टेट कापी है—इसको लेने में क्या हर्ज है, इस को ले लीजिये ।

श्री एच० पी० सिंह : मुझे एक निवेदन और करना है । उन्होंने लोक सभा में कोई एप्लीकेशन दी थी कि मैं और मेरे सी० एस० पी० ता० 13 फरवरी, को उनके घर गये, उनके घर में नाक किया और कहा कि हम उन को पकड़ने आये हैं । ता० 13 फरवरी, को मैं भोपाल में था । ता० 10 फरवरी से ता० 15 फरवरी तक मैं भोपाल में ड्यूटी पर था ।

सभापति महोदय : लेकिन इससे हमारा कोई सम्बन्ध नहीं है।

श्री जगन्नाथ कौशल : जो डाकुमेन्ट्स आप पेश करना चाहें, वे पेश कर दें ।

You have said that before this particular incident you held Shri Jatiya in high esteem, you gave him all respect and that you had very cordial relations with him. Is it correct?

SHRI H. P. SINGH: Yes.

SHRI JAGAN NATH KAUSHAL: Then why is it that he levelled these allegations against you, when you had the best of relations with him and you always showed him respect?

श्री एच० पी० सिंह : साहब मुझे इसका कोई कारण समझ में नहीं आया। इसका कारण जानने की मैंने कोशिश भी की ।

श्री जगन्नाथ कौशल : इसके मुतल्लिक आपकी उनसे कोई बात हुई ?

श्री एच० पी० सिंह : मेरी उनसे कोई बात नहीं हुई । मेरी तो हालत बहुत खराब हो गयी है ।

श्री जगन्नाथ कौशल : आप नहीं कह सकते कि उन्होंने आपके खिलाफ यह आरोप क्यों लगाया ?

"Near the Railway Police Station Shri H. P. Singh, District Police Superintendent, Ujjain, without listening to me, caught hold of my both hands and ordered the policemen

to lathi charge me. The first blow was made on my head, the second blow was made on my right thigh and the third was on my left foot, below the knee, as a result of which I fell down. The people accompanying me ran to cover me in order to save me. They along with me received a number of injuries. I was hit with lathis on my head, both hands, elbow of my right hand, right thigh and knee and ankle ..... I was severely injuried:. I wanted to talk to the Police Superintendent, but what to say of listening he used abusive language and shouting in a very insulting tone....."

उनका जो यह कहना है कि उनके दोनों हाथ आपने पकड़ लिये और आपने पुलिस वालों से कहा कि उनको मारो, आप अब इस आरोप से क्या इंकार कर रहे हैं ?

मैं फिर आप से यह सवाल पूछना चाहता हूं कि जिन के साथ आपका कभी कोई झगड़ा नहीं हुआ और जिनकी कि आप हमेशा इज्जत करते रहे, उन्होंने आपके खिलाफ़ यह आरोप कैसे लगाया कि आपने उनके दोनों हाथ पकड़ कर पुलिस वालों से कहा कि इनको मारो ?

श्री एच० पी० सिंह : मैंने तो बल्कि उनको बचाया। मैंने अपने आदमियों को ऐसा नहीं कहा।

श्री जगन्नाथ कौशल : आप अभी तक यह नहीं समझ पाये कि उन्होंने आप पर यह इल्जाम क्यों लगाया ?

श्री एच० पी० सिंह : मैं नहीं समझ पाया।

श्री जगन्नाथ कौशल : कंट्रोल रूम पहुंचने से पहले आपके साथ कौन-कौन अफसर मौजूद थे ?

श्री एच० पी० सिंह : ए० डी० एम० मिश्र जी थे।

श्री जगन्नाथ कौशल : क्या कलेक्टर साहब आपके साथ गये ?

श्री एच० पी० सिंह : वे तो हमारे साथ गये। चूंकि चौकी स्टेशन में ही दस कदम की दूरी पर मौजूद थी, वे वहां पर फोन करने गये। मैंने ही कलेक्टर साहब को कहा था कि फोन करके फोर्स बुलाया लीजिए। वे फोन करने थाने पर चले गए। वहां से उन्होंने डाक्टर को भी फोन किया।

श्री जगन्नाथ कौशल : जब उनको नोट आयी तो आप कहां थे ? उस वक्त कलक्टर साहब कहां थे ?

श्री एच० पी० सिंह : जब हम वहां पहुंचे तो हमारे सामने उनको कोई चोट नहीं आयी। उस समय तो झगड़ा मची हुई थी।

श्री जगन्नाथ कौशल : क्या आपके वहां पहुंचने से पहले सिपाही उनको मार चुके थे ? क्या यह बात आपको बतायी गयी थी ?

श्री एच० पी० सिंह : यह हमको बताया गया था। उनके साथ चार-पांच लोग थे।

श्री जगन्नाथ कौशल : वे चार पांच लोग कौन थे ? उनके नाम क्या हैं ?

श्री एच० पी० सिंह : उनमें एक श्री राजेन्द्र रघुवंशी थे। बाकी के नाम हमें याद नहीं आ रहे हैं।

श्री जगन्नाथ कौशल : आपने श्री रघुवंशी का नाम बताया और बाकी के नाम आपको याद नहीं आ रहे हैं। मैं आपको बाकी के नाम बता देता हूं, शायद आपको याद आ जाएं।

श्री हरिवल्लभ बंसल, श्री राजेन्द्र रघुवंशी, श्री रामेश्वर गहलोत, श्री किशोर लश्करी क्या उनके साथ थे ?

श्री एच० पी० सिंह : ये चार आदमी थे।

श्री जगन्नाथ कौशल : ये चार आदमी कौन हैं ?

श्री एच० पी० सिंह : ये चार आदमी उनके कार्यकर्त्ता हैं।

श्री जगन्नाथ कौशल : क्या इनको भी डाक्टरी रिपोर्ट है कि इनको भी चोटें आयी।

श्री एच० पी० सिंह : जी हां।

श्री जगन्नाथ कौशल : इस घटना की इंक्वायरी क्या गवर्नमेंट ने भी की है ?

श्री एच० पी० सिंह : कोई नहीं की।

श्री जगन्नाथ कौशल : आज से पहले किसी अधिकारी ने आपका बयान लिखा है ?

श्री एच० पी० सिंह : किसी ने नही लिखा हैं।

श्री जगन्नाथ कौशल : आपकी गवर्नमेंट ने कन्ट्रेरी वर्शन भेजा है। इस वर्शन को भेजने से पहले क्या आपका बयान किसी अधिकारी ने रिकार्ड नहीं किया ?

श्री एच० पी० सिंह : किसी ने नहीं किया।

श्री जगन्नाथ कौशल : क्या आप यह बता सकते हैं कि उन लोगों ने जो रेल रोकने की कार्यवाही की, वह कितनी देर की ? आपने कहा हैं कि वे लोग रेल ट्रेक पर लेट गये थे। उन्होंने कितनी देर तक गाड़ियां को रोके रखा ?

श्री एच० पी० सिंह : कोई दस मिनट तक रोके रखा।

श्री जगन्नाथ कौशल : जब वहां पर असेम्बली को अनलाफुल डिक्लेअर किया गया तो वहां से कितने लोगों ने डिस्पर्स करने से इंकार किया और आपने कितने लोगों को गिरफ्तार किया ?

श्री एच० पी० सिंह : चार उनके कार्यकर्ता थे जो कि अभी बताये गये हैं और श्री जटिया थे। ये पांच आदमी थे जिनको कि पकड़ा गया था। बाकी के लोग डिस्पर्स हो गये थे।

श्री जगन्नाथ कौशल : यह बताइये कि कलेक्टर साहब ने कितना वाक्या देखा ?

श्री एच० पी० सिंह : वह हमारे साथ थे और उन्होंने पूरा वाक्या देखा था।

श्री जगन्नाथ कौशल : क्या यह कलेक्टर वहां एक साल से है, जब से कि आप वहां हैं ? क्या एक साल पहले ही वहां आप किसी और जगह से ट्रांस्फर होकर आये हैं ?

श्री एच० पी० सिंह : जी हां।

श्री जगन्नाथ कौशल : आप हमें एक बात बताइए कि गवर्नमेंट ने जब हमारे पास भेजा, वह किस आधार पर भेजा क्योंकि आप का बयान तो लिया नहीं गया।

श्री एच० पी० सिंह : हमने रिपोर्ट भेजी है।

श्री जगन्नाथ कौशल : उस रिपोर्ट की कापी लाए हैं ?

श्री एच० पी० सिंह : वह कलेक्टर साहब ने भेजी है।

श्री जगन्नाथ कौशल : किस दिन दी है ?

श्री एच० पी० सिंह : 17 या 18 को दी है। वायरलैस भेजा है।

श्री जगन्नाथ कौशल : वायरलैस किसने भेजा है ?

श्री एच० पी० सिंह : ज्वाइंट, कलैक्टर और एस० पी०, दोनों ने मिलकर भेजा है।

श्री जगन्नाथ कौशल : जो गवर्नमेंट ने रिपोर्ट भेजी है, उसकी कापी किस के पास है ?

श्री एच० पी० सिंह : कलैक्टर साहब के पास होगी। मेरे पास नहीं है।

श्री जगन्नाथ कौशल : इस रिपोर्ट के आधार पर कोई केस रजिस्टर हुआ है ?

श्री एच० पी० सिंह : एक केस रजिस्टर हुआ है। उसकी कापी भी मैंने लगा दी है। मैं आपसे एक निवेदन करना चाहता हूं। उनके जाने का कोई प्रोग्राम नहीं था। हमने रेलवे और एयरपोर्ट से पूछा था। उन्होंने कहीं रिजर्वेशन कराया हो। मैडिकल रिपोर्ट भी लगाई है।

श्री जगन्नाथ कौशल : आपकी मौजूदगी में जटिया साहब को कोई चोट किसी अधिकारी ने दी है ?

श्री एच० पी० सिंह : हमारी मौजूदगी में बिलकुल नहीं।

श्री जगन्नाथ कौशल : क्या यह सच है कि जटिया साहब को मारा किसी ने नहीं और प्लेट फार्म पर चढ़ते समय गिर गए और उन को चोटें आई ?

श्री एच० पी० सिंह : उनको चोटें दो किस्म की आई हैं।

SHRI JAGANNATH KAUSHAL: Is it correct that Mr. Jatiya was trying to climb the platform, he fell down and he sustained injuries?

श्री एच० पी० सिंह : यह सही है।

SHRI JAGANNATH KAUSHAL: When the police was trying to arrest him when he was trying to lie down and was resisting the arrest, was he given the injury at that time?

श्री एच० पी० सिंह : उनको खरोचें आई हैं।

श्री जगन्नाथ कौशल : मैं यह पूछ रहा हूं उनको किसी ने मारा है या नहीं ?

श्री एच० पी० सिंह : उस वक्त उनको किसी ने नहीं मारा।

श्री जगन्नाथ कौशल : आप वहां मौजूद थे ? यदि नहीं थे, तो कितनी दूरी पर थे ?

श्री एच० पी० सिंह : मैं काफी दूरी पर था। वहां से क्लीयरली दिखाई दे रहा था। उनको किसी ने मारा नहीं है। प्लेटफार्म पर चढ़ते हुए गिरे हैं।

श्री जगन्नाथ कौशल : यह भी आपने देखा है ?

श्री एच० पी० सिंह : जी, देखा है।

श्री के० पी० तिवारी : ट्रेन कितने बजे आनी थी ?

श्री एच० पी० सिंह : सवेरे 11 बजे आती है।

श्री के० पी० तिवारी : शहर में उसके बाद जलूस निकला या उसके पहले निकला

श्री एच० पी० सिंह : जलूस सवेरे 6 बजे निकला और 10 बजे खत्म हो गया। 11 बजे ट्रेन जाने वाली थी।

श्री के० पी० तिवारी : कौन सी ट्रेन थी ?

श्री एच० पी० सिंह : उज्जैन-नागदा, इन्दौर नागदा।

श्री के० पी० तिवारी : इसको रतलाम और भोपाल भी कहते हैं।

श्री एच० पी० सिंह : जी हां।

श्री के० पी० तिवारी : क्या यह सही है कि मंत्री जी आए थे, उनसे जटिया साहब बात कर रहे थे और बीच में आपने टोका था ?

श्री एच० पी० सिंह : नहीं महोदय, ऐसी कोई घटना नहीं हुई । हमने उनको मंत्री जी से मिलवाया था और वे अच्छी तरह से बात चीत करके चले गए।

सभापति महोदय : आपने कितनी इन्जरी देखी है, उनके शरीर पर ?

श्री एच० पी० सिंह : दो-चार चोटें आई हैं।

सभापति महोदय : रिपोर्ट में कहा गया है कि कितनी इन्जरी ऐसी समझते हैं जो पुलिस के मारने की वजह से आई और कितनी गिरने की वजह से हुई ?

श्री एच० पी० सिंह : मेरे ख्याल से एक-दो चोटें पुलिस की वजह से आई होंगी ।

सभापति महोदय : आपके सामने गिरे या आपके पहले ही गिर चुके थे ?

श्री एच० पी० सिंह : हमने दूर से देखने की कोशिश की। वे गिर कर बैठ गए।

सभापति महोदय : रिपोर्ट में है कि उनके माथे पर चोट आई है। इसके बारे में आपका क्या कहना है ? वह तो गिरने से नहीं आ सकती है।

श्री एच० पी० सिंह : जी, हां। वह गिरने से तो नहीं आ सकती है। जरूर लगी है।

सभापति महोदय : यह जो गवर्नमेंट की रिपोर्ट आई है इसमें इस बात का जिक्र है कि जो चोटें लगी हैं सब सेल्फ इंफ्लेक्टेड इंजुरीज हैं। तो इसका मतलब यह रिपोर्ट सही नहीं है ?

श्री सिंह : रिपोर्ट के बारे में मुझ को कोई जानकारी नहीं है।

सभापति महोदय : स्टेशन पर ये लोग कितनी देर रुके ?

श्री सिंह : आधा घंटा करीब प्लेटफार्म पर और आधा घंटा करीब रेलवे ट्रेक पर इस तरह करीब एक घंटा ये लोग रुके।

सभापति महोदय : आप लोग कितनी देर रुके ?

श्री सिंह : हम लोग आधा पौना घंटा रुके। घटना के 15-20 मिनट बाद ही हम लोग वहां पहुंच गए थे।

श्री जैनुल बशर : आपने बताया कि पुलिस वालों ने 2–4 डंडे जटिया साहब को मारे, क्योंकि वे पहचानते नहीं थे। मैं पूछना चाहता हूं कि उन्होंने 2–4 डंडे क्यों मारे थे।

श्री सिंह : ये लोग रेलवे ट्रेक पर लेट गए थे और गाड़ियां रोक ली थीं। ड्रम वगैरह भी डाल दिए थे और पथराव हो रहा था। ट्रैक को क्लीयर करने के लिए ऐसा किया गया।

श्री जैनुल बशर : लेटने वालों में जटिया साहब थ ?

श्री सिंह : हां, वे भी लेटे थे। उनको उठाने में चोट लग गई थी।

सभापति महोदय : जो फोर्स वहां पर थी, उनके साथ कोई पुलिस अधिकारी था ?

श्री सिंह : बहादुर सिंह पुलिस इंस्पेक्टर उनके साथ थे।

सभापति महोदय : ये बाहर से आए हैं ?

श्री सिंह : जी नहीं, वहीं के हैं।

सभापति महोदय : तब तो वे जटिया साहब को पहचानते होंगे ?

श्री सिंह : जी हां, वे पहचानते थे।

सभापति महोदय : उन्होंने इस मार-पीट को रोकने के लिए क्या किया, इसके बारे में क्या आपने उनसे जवाब-तलब किया ?

श्री सिंह : उन्होंने बताया कि मैंने जटिया साहब को समझाया कि वे यहां से चले जाएं।

श्री जैनुल बशर : जटिया जी ने अपने बयान में कहा है कि मैंने पुलिस वालों के खिलाफ शिकायत की। क्या जटिया साहब ने आपसे शिकायत की थी ?

श्री सिंह : उन्होंने कहा था कि हमको पुलिसवालों ने मारा है।

श्री जैनुल बशर : जटिया साहब का कहना है कि आपने उनके लिए बुरे शब्दों का इस्तेमाल किया। आपने उस इंस्पेक्टर से क्या कोई पूछताछ की, कोई जवाब तलब किया ?

श्री सिंह : हम लोगों ने उनसे पूछा था। इंस्पेक्टर का कहना था कि मैं लोगों को रोकने लिए चला गया था, इसी बीच में यह घटना हो गई।

श्री जैनुल बशर : आप जिस समय स्टेशन पर पहुंचे उस समय जटिया साहब कहां थे ?

श्री सिंह : ट्रैक पर बैठे हुए थे।

श्री जैनुल बशर : आपने जब इनको रिलीज किया, उसके बाद क्या इन्होंने कोई मीटिंग की ?

श्री सिंह : जी हां, जुलूस के बाद मीटिंग की थी।

श्री जैनुल बशर : उस मीटिंग में इन्होंने क्या कहा ?

श्री सिंह : उस मीटिंग में मैं नहीं था।

श्री जैनुल बशर : मीटिंग के बारे में कोई रिपोर्ट तो होगी कि क्या भाषण हुआ था ?

श्री सिंह : रिकार्ड में अवश्य होगी।

श्री जैनुल बशर : और कोई पुलिस अधिकारी य कलेक्टर उस मीटिंग में था ?

श्री सिंह : जी नहीं, कोई नहीं था।

श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी : अभी आपने कहा कि श्री जटिया ट्रेक पर बैठे हुए थे और पहले आपने कहा कि पुलिस वाले उनको खदेड़ रहे थे और वे भागे जा रहे थे।

श्री सिंह : हमने खदेड़ते हुए 200 गज दूर से देखा था। जब हम वहां पहुंचे तो वे बैठ गए थे।

सभापति महोदय : जब ट्रेक और प्लेटफार्म मिले हुए हैं तो फिर गिरने का प्रश्न कैसे उपस्थित होता है।

श्री सिंह : प्लेटफार्म करीब 3 फुट ऊंचा है ट्रेक से।

सभापति महोदय : गाड़ियां रोक रहे थे ?

श्री सिंह : मेरे सामने नहीं रोक रहे थे।

सभापति महोदय : जहां वे गिरे थे, वहां पर खून पड़ा हुआ था ?

श्री सिंह : नहीं, खून वगैरह नहीं था।

अंत में मैं एक निवेदन करना चाहता हूं कि जटिया जी को चोट पहुचाने का हमारा कोई इरादा नहीं था। यह धोखे से हुआ है। इसका मुझे बड़ा दुःख है और इसके लिए मैं माफी चाहता हूं। हमारा इरादा खराब नहीं था, सिर्फ शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह किया गया। हमारी उनसे कोई दुश्मनी नहीं थी, उनके और हमारे संबंध बहुत अच्छे थे। इसके पहले भी उन्होंने कई बार जुलूस निकाले, मीटिंग्स की, लेकिन कभी इस तरह की बात नहीं हुई। उस दिन उनको जो चोट लगी, उसके लिए मैं माफी चाहता हूं।

सभापति महोदय : इससे पहले भी कभी रोड जाम हुआ था ?

श्री सिंह : कई बार ऐसा हुआ है, कभी इस तरह की घटना नहीं हुई। हम लोग हमेशा शांति से काम निकालने की कोशिश करते हैं। ऐसी नौबत पहले कभी नहीं आई। हम लोग अगर मौजूद रहते, तो व्यवस्था कर लेते। इसमें हमारे भी 5–6 लोग घायल हुए हैं। अगर जटिया साहब हमें बता देते कि उन्हें स्टेशन जाना है, तो हम व्यवस्था कर देते और उन को कोई चोट न आ पाती। 10 हजार मजदूरों का जुलूस पहले भी निकला था लेकिन ऐसी हालत कभी नहीं हुई थी हालांकि 2–2 और 4–4 घंटे ट्रेफिक जाम हो गया था। हम ने उनकी कोई इन्सल्ट नहीं की और न ही फोर्स का इस्तेमाल किया और हमारा उद्देश्य उन को चोट पहुंचाने का बिल्कुल नहीं था। अगर अनजाने में कोई गलती हो गई हो, तो माफ कर दिया जाए, भविष्य में कभी ऐसा नहीं होगा।

सभापति महोदय : आप का स्टेटमेंट रिकार्ड हो गया है। अब आप जा सकते हैं।

(The witness then withdrew)

(2) Evidence of Shri Ajit Raizada, the then District Magistrate, Ujjain.

MR. CHAIRMAN: Shri Ajit Raizada, you have been asked to appear before this Committee to give evidence in connection with the question of privilege regarding alleged assault on Shri Satyanarayan Jatiya, M.P., and use of abusive remarks against him by the Police at Ujjain on 15 December, 1981.

I hope you will state the factual position frankly and truthfully to enable this Committee to arrive at a correct finding.

I may inform you that under Rule 275 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, the evidence that you may give before the Committee is to be treated by you as confidential till the Report of the Committee and its proceedings are presented to Lok Sabha. Any premature disclosure or publication of the proceedings of the Committee would constitute a breach of privilege and contempt of the Committee. The evidence which you will give before the Committee may be reported to the House.

Now you may please take oath or affirmation as you like.

SHRI RAIZADA: I, Ajit Raizada, swear in the name of God that the evidence that I shall give in this case shall be true and that I shall conceal nothing and no part of my evidence will be false.

MR. CHAIRMAN: Have you gone through the allegation of Shri Jatiya, M.P.? What have you to say about that incident?

SHRI RAIZADA: I have prepared a written statement which I want to hand over.

I would give my verbal statement also. I would not read it (written statement).

There are two textile mills in Ujjain—Vinod and Vimal. They had been virtually closed for more than a year. About 8,000 workers had been jobless. Therefore, several mazdoor unions decided to form a Sangharsh Samiti. They started agitation for the re-opening of the mills. One 'bund' had already taken place in October. This was the second call for Ujjain Bund given in December, 1981. The date fixed was 15th December. As a precautionary measure we had rounded up anti-social element on the night of 14th.

We had already met the leaders of the Sangharsh Samiti a day before and they had proposed that the 'bund' will be absolutely peaceful, we did not consider it necessary to promulgate prohibitory orders.

Considering our past experience also we thought that since it was a cause which had sympathy of everybody and there was no untoward incident earlier, this prohibitory order would not be very necessary. But on the morning of 15th December, we started getting reports of sporadic incidents of violence like stone throwing on the buses of M.P. S.R.T.C. and offices which opened in the morning; so much so that the labour of other mills proceeding in the buses were forced to get down and join the procession. Then they walked in a procession, reached Shaheedi Park. At 10 a.m. Speeches were delivered by the leaders including the hon. member of Parliament. Then it was announced that the meeting was over and another meeting would take place at around 3 p.m., the same day which will be addressed *inter alia* by Shri Satyanarayan Jatiya. So every-body had dispersed from that place. We were sitting in the control room and had ordered that food be distributed to the members of the police who were on duty since morning. Hardly had we done so, we got a report on the wireless that a section of the crowd led by the hon. Member had proceeded towards the Railway Station. The other leaders had dispersed. So, we rushed to the Railway Station where some police force had already been posted. When we reached the spot we found that wooden sleepers and drums were placed on the railway track. Mr. Jatiya was lying on the railway track and stone-throwing was going on. Before we reached the spot, a mild cane-charge had already taken place. So I told the ADM to announce over the public address system that the assembly was unlawful and unless they clear the track within 5 minutes, action would be taken to do the same. By the time this was done, about 2,000 people had gathered and stone-throwing had become intensive. Many of the police personnel had got injured. So. I went to the Station Master room and asked him to summon the doctor of the Railways.

In the meantime, the hon. Member of Parliament got up from the railway track and tried to climb the railway platform. But he could not do so because there was police on the railway platform who was trying to prevent him from coming on the platform and he slipped. But since his supporters were there, they tried to push him up and ultimately he had climbed the platform. By the time, the S.P. reached there and told him that it would be better if he got back by the same route through which he had come because two trains were already standing on the railway platform and pas-

sengers and police personnel had got injuries and the atmosphere had an air of violence. He said, it would not be proper if he tried to force his way through the platform. But the hon. Member refused. Then the ADM declared him arrested under Section 151 Cr. P.C. and requested him to accompany him to the jail. On this, the hon. Member refused to accompany the ADM. He lay on the platform and said that he should be physically removed; otherwise he would not go. But after some persuasion, he got up and walked out of the platform with about five or six supporters. But outside the platform, again he refused to climb into the police van. In the meantime, other people had gathered. Stone-throwing had started again; soda-water bottles were thrown around. And with great difficulty he was taken to the jail. As soon as he reached there, he was examined by the doctor of the jail who found five simple injuries on his person and gave him immediate medical aid. On the request of the members of the Sangharsh Samiti, the hon. Member was released in the evening itself. He had promised that he would not address any public meeting. But unfortunately in the night, he again led a procession from the jail itself and in violation of the prohibitory orders, he convened a public meeting. The next morning he held a Press conference and got himself photographed. The photograph taken on that day would show only simple injuries on his leg. Later on, we learned from the newspaper that about five days after the incident, the hon. Member came to Parliament and complained against the alleged mis-behaviour of the police and the murderous assault on him.

I would only humbly submit that this alleged breach of privilege and murderous assault is not based on facts as they took place on that fateful day because the relations between the Sangharsh Samiti and the district administration had always been very cordial which was evident from the fact that we did not consider it necessary to promulgate the prohibitory orders. After the meeting, all the leaders had dispersed and it was a sudden departure from the agreed plan that the hon. Member went to the Station and this incident took place. We on our part tried to provide him medical aid as soon as possible. Since there was nothing serious and the leaders had promised that nothing would happen, the hon. Member was released in the evening itself.

I would submit that the police had no intention of harassing or physically harming the hon. Member. In spite of these things, if the hon. Member felt that there was some cause or something which did not come up to the expectation I would express regrets on behalf of

the district administration because we had really no intention of causing him any injury or any mental anguish.

Thank you.

श्री कृष्णा प्रकाश तिवारी : आप और एस० पी० दोनों साथ-साथ स्टेशन पहुंचे थे ?

श्री अजित रायजादा : जी हां।

श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी : जब आप लोग वहां पहुंचे, तो जटिया साहब को कहां पाया ?

श्री अजित रायजादा : जटिया साहब, रेलवे पटरी से उठ कर प्लेटफार्म की तरफ आ रहे थे।

श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी : पटरी पर नहीं बैठे थे ?

श्री अजित रायजादा : उस समय नहीं बैठे थे।

श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी : प्लेटफार्म पर चढ़ चुके थे या नहीं ?

श्री अजित रायजादा : प्लेटफार्म पर नहीं चढ़े थे।

श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी : कुछ सिपाही उन का पीछा कर रहे थे ?

श्री अजित रायजादा : सिपाही जो पटरी पर तैनात थे वे पत्थर फेंकने वालों की तरफ भाग रहे थे और जटिया साहब अपने समर्थकों के साथ प्लेटफार्म पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे।

श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी : कितने समर्थक होंगे, जो उन के साथ चढ़ रहे थे ?

श्री अजित रायजादा : करीब 5–6।

श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी : उस समय उन के चोट आ गई थी।

श्री अजित रायजादा : कोई खून नहीं बह रहा था। बहरहाल चढ़ने की कोशिश में नीचे जरूर गिरे थे और उस के बाद नीचे से ऊपर आए।

श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी : जब ऊपर चढ़े थे, तब भी आप ने खून नहीं देखा था।

श्री अजित रायजादा : जी हां।

श्री जैनुल बशर : इस घटना की सूचना आप को कब मिली थी और कहां मिली थी ?

श्री अजित रायजादा : हम लोग पुलिस कन्ट्रोल रूम में थे लगभग 11 बजे जब इसकी सूचना मिली।

श्री जैनुल बशर : सूचना मिलते ही आप स्टेशन की तरफ चल दिये।

श्री अजित रायजादा : जी हां।

श्री जैनुल बशर आप के साथ कौन-कौन थे?

श्री अजित रायजादा : एस० पी० और ए० डी० एम०।

श्री जैनुल बशर : आप लोग सीधे स्टेशन पहुंचे।

श्री अजित रायजादा : जी हां।

श्री जैनुल बशर : स्टेशन पहुंच कर सब से पहले आप ने क्या देखा? उस वक्त क्या हो रहा था?

श्री अजित रायजादा : उस वक्त श्री जटिया और उन के समर्थक पटरी से उठ कर प्लेटफार्म की तरफ आ रहे थे। पत्थर फेंके जा रहे थे और पुलिस पत्थर फैंकने वालों को चेज कर रही थी।

श्री जैनुल बशर : जटिया साहब उस समय कहां थे?

श्री अजित रायजादा : पटरी से उट कर प्लेटफार्म की तरफ आ रहे थे।

श्री जैनुल बशर : आप और एस० पी० दोनों साथ-साथ चल रहे थे।

श्री अजित रायजादा : एस० पी० साहब थोड़ा आगे गये थे और मैं ए० डी० एम० साहब को इंस्ट्रक्शन दे रहा था।

श्री जैनुल बशर : जटिया साहब आपसे मिले थे?

श्री अजित रायजादा : जी नहीं।

श्री जैनुल बशर : क्या जटिया साहब को कोई चोट आई थी?

श्री अजित रायजादा : मुझे कोई चोट निश्चित रूप से नहीं दिखाई दी।

श्री जैनुल बशर : स्टेशन पर कोई तोड़-फोड़ हो सकती है—इस प्रकार की कोई सूचना आपको पहले मिली थी?

श्री अजित रायजादा : इस प्रकार की तो कोई सूचना नहीं थी। लेकिन इस घटना से एक घंटा पहले कुछ लोगों ने रेलवे स्टाल को पत्थर फेंक कई क्षति पहुंचाई थी।

श्री जैनुल बशर : जब आप वहां पहुंचे तो क्या आपने यह देखा कि वे गाड़ी रोकने की कोशिश कर रहे थे?

श्री अजित रायजादा : गाड़ी तो दो पहले से खड़ी थी और उनके आगे ड्रम्स रखे थे। जैसे ही इस प्रकार की सूचना मिली थी ट्रेन्स रतलाम और भोपाल में ही रुक गई थीं।

श्री जैनुल बशर : जो गाड़ी आई थी उनको किस प्रकार से रोकने की कोशिश की गई?

श्री अजित रायजादा : गाड़ी के आगे ड्रम्स रख दिए थे।

श्री जैनुल बशर : ऐसा तो नहीं है कि जटिया साहब कहीं जाने वाले हों और उनको भेजने के लिए लोग आए हों ?

श्री अजित रायजादा : मैंने रिपोर्ट में भी लिखा है कि पहले जो घोषणा की गई थी उसमें यह कहा गया था कि तीन बजे मीटिंग होगी और जटिया साहब उसमें उपस्थित रहेंगे। इसलिए एसी कोई सम्भावना प्रतीत नहीं हुई कि वे कहीं बाहर प्रस्थान करेंगे। दूसरे मैंने इस बात का भी पता लगाया था कि उज्जैन स्टेशन से जो गाड़ियां जाती थीं उनमें माननीय सदस्य का कोई रिजर्वेशन नहीं था। इससे यह निष्कर्ष निकल सकता है कि उस दिन माननीय सदस्य का दिल्ली जाने का कोई प्रोग्राम नहीं था।

सभापति महोदय : क्या स्टेट गवर्नमेंन्ट ने आपसे कोई रिपोर्ट मांगी थी और आपने रिपोर्ट दी थी और क्या उसकी कापी आपके पास है ?

श्री अजित रायजादा : लोक सभा में माननीय अध्यक्ष के सम्मख माननीय सदस्य ने जो शिकायत की थी, उसके सन्दर्भ में मैंने अपनी रिपोर्ट दी थी। उसकी कापी यहां पर नहीं है।

सभापति महोदय : स्टेट गवर्नमेंट ने कमेटी के पास रिपोर्ट भेजी है, इसकी जानकारी आपको है ?

श्री अजित रायजादा : रिपोर्ट भेजी गई है, इसकी जानकारी है।

सभापति महोदय : आपके अलावा किसी और से भी जांच-पड़ताल की गई है।

श्री अजित रायजादा : जी नहीं।

सभापति महोदय : आपने जो कहा है कि रेलवे ट्रैक पर स्लीपर और ड्रम्स रखे थे, गवर्नमेंट की रिपोर्ट मे तो उसका कोई जिक्र नहीं किया गया है।

श्री अजित रायजादा : मैं तो यही कह सकता हूं कि रिपोर्ट को कन्साइज करने की वजह से यह बात रह गई होगी।

सभापति महोदय : यह बात तो कोई साधारण नहीं है कि आब्स्ट्रक्शन के लिए ट्रेक पर ड्रम्स और स्लीपर रखे गए हों और रिपोर्ट में उसका कोई जिक्र किया जाए।

श्री अजित रायजादा : जो वायरलेस मेसेज गवर्नमेन्ट के पास भेजी गई उसमें इस बात का जिक्र है लेकिन जो रिपोर्ट बाद में भेजी गई उसमें उस बात का जिक्र नहीं है।

सभापति महोदय : किस तारीख को रिपोर्ट भेजी गई थी ?

श्री अजित रायजादा : 16 तारीख को।

सभापति महोदय : रेलवे स्टेशन पर जब आप पहुंचे तो कितनी देर वहां पर रहे ?

श्री अजित रायजादा : आधा घंटा।

सभापति महोदय : उसके बाद कहां गए ?

श्री अजित रायजादा : कन्ट्रोल रूम पर गए। उसके बाद फिर स्टेशन नहीं गए।

सभापति महोदय : आप स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के आफिस में रहे ?

श्री अजित रायजादा : जी हां।

सभापति महोदय : फिर तो आप नहीं कह सकते कि पुलिस और जटिया साहब के बीच में क्या हुआ।

श्री अजित रायजादा : मेरे सामने तो जटिया साहब रेलवे लाइन से उठकर रेलवे प्लेटफार्म पर आने की कोशिश कर रहे थे और कुछ सिपाही उनको रोकने की कोशिश कर रहे थे।

सभापति महोदय : इसके अलावा तो आप कुछ नहीं कह सकते कि जटिया साहब को कैसे चोट लगी और क्या इन्जरीज हुई—इसकी जानकारी तो आपको नहीं है ?

श्री अजित रायजादा : मैं सिर्फ इतना ही कह सकता हूं कि रेलवे लाइन के पास जो केन-चार्ज हुआ उसमें हो सकता है माननीय सदस्य को कुछ चोट आई हो लेकिन वह कोई ऐसी चोट नहीं थी जोकि ऊपर से देखने से मालूम हो सके।

सभापति महोदय : डाक्टर ने जो रिपोर्ट दी है, उसमें ब्लीडिंग पाया गया या नहीं ?

श्री अजित रायजादा : डाक्टर की रिपोर्ट उस में दी हुई है।

सभापति महोदय : आप ने कहा है कि आप दोनों कन्ट्रोल रूम से साथ-साथ चले और साथ-साथ प्लेटफार्म पर पहुंचे। लेकिन हम से वह कहा गया है कि आप पास के किसी थाने में टेलीफोन करने के लिये गये—दोनों में क्या सच है ?

श्री अजित रायजादा : जहां तक मुझे याद है कि हम लोग तो साथ ही गये थे। स्टेशन बहुत पास है, इस लिये रास्ते में कहीं रुकना ठीक नहीं लगता है।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य का कहना है —

"I wanted to talk to the Police Superintendent. He used abusive language like Badmash, Goonda etc".

"बदमाश गुण्डे कहीं के, नेतागिरी करता है। मेरी नेतागिरी अभी ठिकाने लगा देता हूं। कमीने हरिजन कहीं के, संसद सदस्य बन गया है तो अपनी औकात भूल गया है।"

इस के बारे में आप को क्या कहना है ?

श्री अजित रायजादा : जहां मैं खड़ा था, वहां से स्पष्ट बातचीत तो सुनाई नहीं पड़ता था, लेकिन ऐसा लगता था, वह यह कहना चाहते थे कि "मैं यहां से जाऊंगा।" एस० पी० यह कहते थे कि आप यहां से नहीं जायेंगे। इसके अतिरिक्त उन में क्या बातचीत हुई—इस के सम्बन्ध में मेरा कुछ कहना ठीक नहीं होगा।

सभापति महोदय : ऐसा कहा गया है कि एम० पी० ने कालर पकड़ लिया और पुलिस को कहा कि इन को मारो।

श्री अजित रायजादा : मैंने यह देखा था कि एम० पी० साहब हाथ आगे कर के उनको आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन कालर पकड़े हुए मैंने उनको नहीं देखा।

सभापति महोदय : एस० पी० और आप के साथ एम० पी० साहब के कैसे रिलेशन्स रहे हैं?

श्री अजित रायजादा : हम लोगों के सम्बन्ध बहुत अच्छे थे, क्योंकि संघर्ष समिति की जो बैठकें होती थीं, उस में वे आया करते थे। कभी कोई ऐसी बात नहीं हुई थी जिससे कहा जा सके कि एस० पी० ने इस प्रकार का व्यवहार किया हो।

सभापति महोदय : इस तरह की घटना का फिर क्या कारण हो सकता है।

श्री अजित रायजादा : व्यक्तिगत रूप से मैं नहीं समझता कि कोई ऐसा कारण हो सकता है। माननीय सदस्य शायद यह चाहते थे कि प्लेटफार्म से जायेंगे तो यह सिद्ध हो सकेगा कि जो शोकन डिमांस्ट्रेशन वह करना चाहते थे, वह सफल रहा है, क्योंकि पुलिस उस को नहीं होने देना चाहती थी। या आपस में जो मिसअण्डरस्टेंडिंग हो गई थी—वह भी इस का कारण हो सकता है।

सभापति महोदय : क्या आप के सामने जटिया साहब गाड़ी रोकने की कोशिश कर रहे थे?

श्री अजित रायजादा : मेरे सामने नहीं कर रहे थे। मेरे सामने तो वे प्लेटफार्म की तरफ़ आ रहे थे।

सभापति महोदय : आप ने गवर्नमेन्ट को जो रिपोर्ट दी क्या उस के लिये आप की आपस में कोई बात हुई थी?

श्री अजित रायजादा : हमारे यहां डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन का सिस्टम इस तरह का है कि कलैक्टर और एस० पी० दोनों ला-एण्ड-आर्डर में साथ-साथ रहते हैं। दिन भर जो घटनायें होती है या जैसे-जैसे घटनायें होती हैं वे ज्वाइन्टली वायरलैस भेजते हैं। इस बात की सम्भावना चूंकि हम लोगों को नहीं थी कि माननीय सदस्य इस प्रकार का प्रिवलेज मोशन लायेंगे, इस लिये जसी घटना उस समय हुई थी वैसा ही वायरलैस हम ने तुरन्त भेज दिया था।

सभापति महोदय : इस घटना के सम्बन्ध में आप तथा एस० पी० साहब में कोई बात हुई या नहीं? मेरा मतलब है ब्रीच-आफ प्रिवलेज का मोशन आने के पहले तथा बाद में आप के बीच कोई बातचीत हुई?

श्री अजित रायजादा : बात हुई थी, क्योंकि हम दोनों साथ-साथ थे।

सभापति महोदय : क्या आप को ऐसी जानकारी मिली कि पुलिस ने उनको पीटा था?

श्री अजीत रायजादा : चूंकि वह भी मेरे साथ ही गये थे, इस लिये इतनी जानकारी जरूर हुई कि जो केन-चार्ज हुआ उस में शायद कुछ चोट उन को लगी हो।

सभापति महोदय : गिरफ्तारी के बाद उन को शाम को छोड़ दिया गया। उस के बाद कोई आम सभा हुई जिस को उन्होंने एड्रेस किया। वहां पर जडिया साहब ने जो भाषण दिया था उस मीटिंग की कोई रिपोर्ट आप के पास है?

श्री अजीत रायजादा : क्या भाषण दिया, इसकी जानकारी नहीं है।

I would only once again submit that the District Administration had no intention of causing either physical harm or mental torture to the Hon. Member of Parliament. Whatever had happened, happened in the discharge of duties which they thought they had to perform. If inadvertently something had happened which caused unhappiness or injured the feelings of the Hon. Member of Parliament, we deeply regret it.

Thank you.

(The witness then withdrew)

The Committee then adjourned.

Tuesday, 28 June, 1983

PRESENT

Shri R. R. Bhole—*Chairman*

MEMBERS

2. Shri H. K. L. Bhagat
3. Shri Chandulal Chandrakar
4. Shri George Fernandes
5. Shri Jaipal Singh Kashyap
6. Shri Jagan Nath Kaushal
7. Shri K. Ramamurthy
8. Shri Ramayan Rai
9. Shri P. Shiv Shankar
10. Shri Zainul Basher

SECRETARIAT

Shri K. K. Saxena—*Joint Secretary.*

WITNESS

Shri Babu Lal Jain, Ex-Minister, Government of Madhya Pradesh, Ujjain.

(*The Committee met at* 11.00 *hours*)

Evidence of Shri Babu Lal Jain, ex-Minister, Madhya Pradesh.

MR. CHAIRMAN: Mr. Babu Lal Jain, you have been requested to appear before this Committee to give your evidence in connection with the question of privilege regarding the alleged assault on Shri Satyanarayan Jatiya, M.P., and use of abusive remarks against him by the police at Ujjain on 15th December, 1981.

I hope that you will state the factual position frankly and truthfully to enable this Committee to arrive at a correct finding.

I may inform you that under Rule 275 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, the evidence that you may give before the Committee is to be treated by you as confidential till the Report of the Committee and its proceedings are presented to Lok Sabha. Any premature disclosure or publication of the proceedings of the Committee would constitute a breach of privilege and contempt of the House. The evidence which you will give before the Committee may be reported to the House.

Now you may please take oath or affirmation, as you like.

(*Shri Babu Lal Jain took oath*)

MR. CHAIRMAN: You could give us in brief whatever you know about the facts of this case, especially the conversation that you had with Shri Jatiya on telephone from the police station, or whatever you remember.

श्री बाबू लाल जैन : श्रीमन् यह जो घटना है यह 15 दिसम्बर, 1981 की है। आज करीब डेढ़ वर्ष हो गए हैं। इसलिए अब सारी बातें बिलकुल एग्जेक्टली रिकलेक्ट करना तो संभव नहीं है।

उन दिनों उज्जैन में वहां की दो मिलों के बन्द होने से लम्बा संघर्ष चल रहा था। ये दोनों मिलें बन्द थीं। उसी को लेकर 15 दिसम्बर को उज्जैन बन्द का नारा दिया गया था और काफी बड़ी संख्या में मजदूर अपनी आवाज उठाने के

लिए सड़कों पर निकले थे । उसी दिन जलूस समाप्त हो चुका था और कुछ कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर डिमांस्ट्रेशन करने के लिए गए थे ताकि केन्द्रीय सरकार भी अवगत हो सके । जब यह घटना हुई, मैं उस समय वहां नहीं था । मुझे बाद में यह बताया गया कि रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने श्री सत्यनारायण जटिया व उनके साथियों पर हमला किया और घायल अवस्था में उनको जेल ले जाया गया । यह सूचना मुझे उनके कार्यकर्ताओं द्वारा प्राप्त हुई और मैंने स्वयं कोशिश की कि माननीय कलेक्टर और एस. पी. महोदय से सम्पर्क किया जाए और स्थिति का पता लगाया जाए । तीन घंटे तक प्रयत्न करने के बाद भी सम्पर्क नहीं हो पाया । करीब साढ़े तीन बजे कलेक्टर महोदय से मेरी चर्चा हुई और उन्होंने मुझे देवास गेट थाने पर जो कि रेलवे स्टेशन के पास है, चर्चा करने लिए बुलाया ।

सभापति महोदय : कलेक्टर साहब न ।

श्री बाबू लाल जैन : जी । फिर मैंने अपनी पार्टी को इसकी सूचना दी कि कलक्टर महोदय ने चार बजे का समय दिया है और आप लोग भी आ जायें, कलेक्टर महोदय से चर्चा कर लेंगे । मैं चार बजे अपने साथियों को लेकर वहां पर पहुंचा; वहां एस. पी. महोदय, कलेक्टर महोदय और अन्य अधिकारी थे । मैंने स्वय उनसे पूछा कि क्या कारण था कि आपने उनकी पिटाई की और गिरफ्तार किया, जबकि पूरा जलूस शान्तिपूर्वक समाप्त हो चुका था । उन्होंने कहा कि उन्होंने वहां पर आन्दोलन किया था और रेल को रोकने का प्रयास किया था । मैंने कहा पिटाई का ऐसा कौन सा कारण बना ? इसका उनके पास कोई जवाब नहीं था । जवाब मुझे लेना उनके लिए जरूरी भी नहीं था क्योंकि मैंने स्वयं कोशिश की थी कि मैं स्वयं पूरी स्थिति देखना चाहूंगा । कोई भी ऐसा कारण नहीं है, शहर में अमन चैन बनाने के लिए दफा–144 लगा दी गई थी । अमन चैन यदि लौटाना चाहते हैं तो उनको रिहा करना चाहिए । कोई कारण नहीं था उनको गिरफ्तार करने का । मुझे जानकारी मिली कि उनको काफी चोटें आई हैं । मैंने कहा– मैं स्वयं उनको देखना चाहूंगा और उनके इलाज की व्यवस्था करना चाहूंगा । शाम का करीब छः सात बजे के करीब मैं स्वय जेल में पहुंचा और मैंने जटिया जी को देखा । वे स्वयं चल नहीं पा रहे थे, साथियों की सहायता से वे फाटक तक लाए गए । उनको रिलीज करने का पहले ही तय हो चुका था । तब मैंने उनसे बात की ।

सभापति महोदय : इसके सिवाय आपकी कोई टेलीफोन पर बात हुई ?

श्री बाबू लाल जैन : श्रीमन् उन्होंने स्वय दो बार टेलीफोन पर प्रयत्न किया था किन्तु मैं उस समय घर पर नहीं था । जब मैं घर पर पहुंचा तो सूचना मिली कि वे चलने–फिरने में असमर्थ हैं एवं बताया गया कि जहां उनको रखा गया था वह काफी दूरी पर था । टेलीफोन पर बात करना संभव नहीं हो सकता । उसके बाद ही मैंने कलक्टर महोदय, एस० पी० महोदय से कान्ट्रेक्ट करने का प्रयास किया ।

सभापति महोदय : आपकी बातचीत जटिया से हुई या नहीं ?

श्री बाबू लाल जैन : मेरी बात नहीं हुई ।

श्री पी० शिव शंकर : क्या पुलिस स्टेशन पर बातचीत हुई ?

श्री बाबू लाल जैन : जटिया जी से नहीं हुई ।

श्री जगन्नाथ कौशल : जब आप पुलिस स्टेशन पर गए, तो आपके साथ कौन कौन लोग थे ?

श्री बाबू लाल जैन : श्री डोगरे एडवोकेट जो कि भारतीय जनता पार्टी के प्रेजीडेन्ट थे और श्री भूरे लाल फिरोजिया एम० एल० ए० गए थे तथा उनके साथ अनेक कार्य कर्ता 20-25 के करीब गए थे ।

श्री पी० शिव शंकर : 15 दिसम्बर, 1981 को पूरे दिन में कभी भी टेलीफोन पर बातचीत नहीं हुई ?

श्री बाबू लाल जैन : जलूस निकलने के बाद . . . ?

श्री पी० शिव शंकर : मैं जलूस की बात नहीं कह रहा हूं । मैं यह कह रहा हूं कि इस इंसीडेंट होने के बाद उनको जेल ले आया गया । जब वे जेल में थे, उस उस वक्त आपकी कभी भी टेलीफोन पर बात चीत हुई है या नहीं ?

श्री बाबू लाल जैन : जहां तक मैं रिकलेक्ट कर पा रहा हूं जेल ले जाने के बाद नहीं और जब उनको जेल से छोड़ा जा रहा था, तब मेरी उनसे बातचीत हुई थी ।

श्री जगन्नाथ कौशल : आप किस पार्टी का बिलांग करते हैं ?

श्री बाबू लाल जैन : भारतीय जनता पार्टी ।

श्री जगन्नाथ कौशल : श्री सत्यानारायण जटिया ?

श्री बाबू लाल जैन : जटिया जी भी भारतीय जनता पार्टी को बिलोंग करते हैं और बी० जे० पी० के संसद सदस्य हैं ।

श्री जगन्नाथ कौशल : आपने और आपके साथियों ने जिनका आपने नाम लिया, क्या डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट या दूसरी डिस्ट्रिक्ट अथारिटीज को एश्योर कराया था कि आप जटिया जी को छोड़ दीजिए, मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं कि कोई गड़बड़ नहीं होगी ?

श्री बाबू लाल जैन : श्रीमन् जिम्मेदारी का सवाल ही नहीं उठता है, हम शान्ति में विश्वास करते हैं । कोई गड़बड़ का प्रश्न ही नहीं था ।

श्री जगन्नाथ कौशल : यह आप थियोरैटिकल बात कर रहे हैं । मैं आपसे यह पूछ रहा हूं कि क्या आपने डिस्ट्रिक्ट अथोरिटीज को एश्योर कराया था कि आप जटिया जी को छोड़ दीजिए, हम जिम्मेदारी लेते हैं कि कोई गड़बड़ नहीं होगी ?

श्री बाबू लाल जैन : श्रीमन्, जटिया जी स्वयं जिम्मेदार व्यक्ति हैं । मैंने कलक्टर और एस० पी० महोदय से चर्चा की थी और उनसे निवेदन किया था कि यदि जटिया जी को जेल में रखा तो असंतोष ज्यादा फैलेगा । कोई कारण नहीं है कि हम असंतोष फैलायें ।

श्री जगन्नाथ कौशल : क्या जटिया जी ने आपसे यह बात कही थी कि अगर एस० पी० इन्टरवीन न करता तो मुझे ज्यादा चोटें आतीं ?

श्री बाबू लाल जैन : जी, ऐसी कोई बात नहीं कही ।

श्री जगन्नाथ कौशल : न ऐसी कोई बात आमने-सामने हुई और न ऐसी कोई बात टेलीफोन पर हुई ?

श्री बाबू लाल जैन : जैसा कि मैंने आपसे पहले ही निवेदन किया कि मेरी जटिया जी से टेलीफोन पर चर्चा नहीं हुई । उनके जेल से निकलने के बाद ही मैंने उनसे पूछा कि आपको कहां-कहां चोटें आई हैं । किस प्रकार यह सारा मामला हुआ ?

श्री जगन्नाथ कौशल : क्या जटिया जी ने आपको यह बात कही कि अगर एस०पी० इन्टरवीन नहीं करता तो मुझे ज्यादा चोटें आती ?

श्री बाबू लाल जैन : श्रीमन्, मुझे याद नहीं है ।

श्री जगन्नाथ कौशल : आपको याद नहीं है ।

श्री पी० शिव शंकर : उस दिन चोट वगैरह खाने के बाद या 15 तारीख को कितने बजे आपकी जटिया जी से मुलाकात हुई ?

श्री बाबू लाल जैन : शाम को छः सात बजे के करीब ।

श्री पी० शिवशंकर : पूरे दिन में कभी भी मुलाकात नहीं हुई ?

श्री बाबू लाल जैन : जलूस बारह या साढ़े बारह बजे समाप्त हो गया होगा, टाइम का एग्जैक्ट मुझे ख्याल नहीं है । गिरफ्तारी के पश्चात् और जब उन को रिहा किया जा रहा था, इस बीच में मेरी उनसे चर्चा नहीं हुई ?

श्री पी० शिव शंकर : ता० 15 को सुबह से शाम तक जटिया जी से आप की कब मुलाकात हुई ?

श्री बाबू लाल जैन : हम लोग जुलूस में साथ थे ।

श्री पी० शिवशंकर : उस के बाद क्या हुआ, आप कैसे अलग हुए ?

श्री बाबू लाल जैन : हमारा जलूस घंटाघर पर पहुंच चुका था, उस के बाद मैं घर चला गया ।

श्री पी० शिव शंकर : उस के बाद क्या हुआ ? क्या आप को मालूम नहीं है ?

श्री बाबू लाल जैन : मुझे करीब 1 बजे अन्य कार्यकर्ताओं से पता लगा कि जटिया जी तथा चार-पांच अन्य साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और यह भी बतलाया कि उन को चोटें आई हैं ।

श्री पी० शिवशंकर : यह बात किस ने कही ?

श्री बाबू लाल जैन : मेरे पार्टी वर्कर्स ने और उसी आधार पर मैंने जटिया जी को जेल में कान्टेक्ट करने की कोशिश की ।

श्री पी० शिव शंकर : यह इत्तिला आप को कब मिली ।

श्री बाबू लाल जैन : 1 बजे ।

श्री पी० शिव शंकर : उस के बाद उन से मुलाकात की कोशिश की ?

श्री बाबू लाल जैन : 6 बजे के बाद हुई थी ।

श्री पी० शिव शंकर : आप ने उन से पूछा होगा कि यह सब कैसे हुआ ? इस बीच में आप ने और लोगों से भी पता लगाने की चेष्टा की होगी ?

श्री बाबू लाल जैन : मैंने एस० पी० और कलैक्टर से पता लगाने की कोशिश की थी ।

श्री पी० शिव शंकर : आप को क्या मालूम हुआ ?

श्री बाबू लाल जैन : जितना मुझे याद आता है, उन्होंने यह बतलाया कि वह लोग रेलवे स्टेशन पर एक प्रकार का धरना देने जा रहे थे ताकि उस के द्वारा केन्द्रीय सरकार को समस्या की जानकारी हो सके । यह एक तरह से टोकन-प्रोटेस्ट था। प्रोटेस्ट करने के बाद यह लोग लौट रहे थे, उस वक्त यह घटना हुई ।

श्री पी० शिव शंकर : क्या घटाना हुई ?

श्री बाबू लाल जैन : पुलिस ने वहां पर जटिया जी, संसद सदस्य महोदय, तथा उन के साथ जो लोग थे उन को पीटा ।

श्री पी० शिव शंकर : कहां पर ?

श्री बाबू लाल जैन : रेलवे स्टेशन पर ।

श्री पी० शिव शंकर : आप ने इस के बारे में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई ?

श्री बाबू लाल जैन : मैंने निवेदन किया था कि मैं लगातार कलक्टर एवं एस० पी० को कांटैक्ट करने की कोशिश करता रहा । तीन-साढ़े तीन बजे दोनों से कांटैक्ट हुआ ? उन्होंने कहा कि आधे घन्टे में थाने में पहुंचता हूं, वहीं सारी बात बतला दूंगा और आप की बात सुन लूंगा उस के बाद आगे के लिये तय करेंगे ।

श्री पी० शिव शंकर : जहां तक आप की बात सुनने का सवाल है, आप तो कहते हैं कि आप वहां थे ही नहीं ? यह बतलाइये—आप का पेशा क्या है ?

श्री बाबू लाल जैन : मैं व्यवसायी हूं, दवाइयों का व्यवसाय है ।

श्री पी० शिव शंकर : क्या आप ने या आप के वर्कर्स ने चेष्टा की कि जो मारपीट हुई उस की रिपोर्ट दर्ज करवाई जाय ।

श्री बाबू लाल जैन : मैं भारतीय जनता पार्टी की तरफ़ से उस पूरे सभा का आर्वेनाइजिंग-सैक्रेटरी हूं । जब कोई घटना होती है और मैं शहर में हूं तो मेरे कार्यकर्ता मुझे ही कहेंगे । चूंकि जटिया जी पर हमला हुआ था, इस लिये मुझे बतलाना उन का फर्ज है और उन की चिन्ता लेना मेरा फर्ज है ।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : आप ने बतलाया कि घन्टाघर के पास आप की संघर्ष समिति के वालंटियर्स इकट्ठे हुए थे, मैं जानना चाहता हूं वहां कितनी देर तक आप की मीटिंग चली ? कोई मीटिंग हुई या आप का क्या प्रोग्राम था ?

श्री बाबू लाल जैन : मीटिंग में आम तौर पर उस बन्द में जिन लोगों ने सहयोग दिया उन का धन्यवाद दिया गया । उस में जटिया जी ने यह एशोरेंस दी कि सारे मामले को माननीय मुख्य मंत्री जी के सामने, माननीय लोक सभा अध्यक्ष के सामने और लोक सभा के माध्यम से उठायेंगे तथा इस बात को केन्द्रीय सरकार तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे । इस आश्वासन के साथ वह जुलूस और सभा समाप्त हो गई ।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : वह कितनी देर तक चली ?

श्री बाबू लाल जैन : 15–20 मिनट ।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : क्या उस के बाद लोग डिस्पर्स हो गये ?

श्री बाबू लाल जैन : जी हां, लोग डिस्पर्स हो गये ।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : उस के बाद कोई जुलूस या मीटिंग हुई ?

श्री बाबू लाल जैन : उस के बाद कोई जुलूस नहीं रहा ।

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री जगन्नाथ कौशल) : क्या आप ने पुलिस स्टेशन में अधिकारियों से यह बात कही कि मेरी जटिया जी से टेलीफोन पर बात हुई है, जब कि जटिया जी जेल में थे, और उन्होंने यह कहा हैं कि अगर सुप्रीन्टेडेन्ट आफ़ पुलिस न होते तो मुझे और बहुत ज्यादा चोटें आती ?

श्री बाबू लाल जैन : जी नहीं ।

श्री जगन्नाथ कौशल : आप की ऐसी कोई बात नहीं हुई ?

श्री बाबू लाल जैन : न उन से कोई चर्चा हुई और न ऐसा कहा है ।

श्री जगन्नाथ कौशल : आप ने किसी भी अधिकारी को—डी० एम०, एस० पी०, एस० एच० ओ०, किसी को ऐसा नहीं कहा ?

श्री बाबू लाल जैन : नहीं कहा ।

सभापति महोदय : ठीक है, अब आप जा सकते हैं ।

(तत्पश्चात साक्षी साक्ष्य देकर चला गया)

Friday, 8 July, 1983

PRESENT

Shri R. R. Bhole—*Chairman*

MEMBERS

2. Shri Chandulal Chandrakar
3. Shri Somnath Chatterjee
4. Shri Jaipal Singh Kashyap
5. Shri Y. S. Mahajan
6. Shri K. Ramamurthy

SECRETARIAT

Shri K. K. Saxena—*Joint Secretary*

WITNESSES

Shri Arun Jain,
Local representative of 'Nai Duniya' at Ujjain.

(*The Committee met at 11.00 hours*)

Evidence of Shri Arun Jain, Local Representative of Nai Duniya

MR. CHAIRMAN: Shri Arun Jain, you have been requested to appear before this Committee to give your evidence in connection with the question of privilege regarding alleged assault on Shri Satyanarayan Jatiya, M.P., and use of abusive remarks against him by the police at Ujjain on 15th December, 1981.

I hope that you will state the factual position frankly and truthfully to enable this Committee to arrive at a correct finding.

I may inform you that under Rule 275 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, the evidence that you may give before the Committee is to be treated by you as confidential till the Report of the Committee and its proceedings are presented to Lok Sabha. Any premature disclosure or publication of the proceedings of the Committee would constitute a breach of privilege and contempt of the House. The evidence, which you will give before the Committee, may be reported to the House.

Now you may please take oath or affirmation as you like.

SHRI ARUN JAIN: I, Arun Jain, swear in the name of God that the evidence which I shall give in this case shall be true, that I will conceal nothing and that no part of my evidence shall be false.

MR. CHAIRMAN: Now, kindly tell us what you know about this incident regarding the Member of Parliament, Mr. Satyanarayan Jatiya on that day when you were representing probably your newspaper—*Nai Duniya*?

SHRI ARUN JAIN: On 15th December, we had come back from the round of the City covering the *Jaloos* etc., where there were some other newspapermen also. And then I came back home. Just after some time I got a phone call that there was some *Jaloos* in the Railway Station and there was some *Garbar* there, I took my scooter and went to the Railway Station. When I entered the Railway Station and was going to the Railway Police Thana, I saw Mr. Jatiya was being carried out by some policemen.

MR. CHAIRMAN: Where did you see this?

SHRI ARUN JAIN: Just near the Railway Police Station. It is inside the Railway Station, near the Railway Platform No. 1.

MR. CHAIRMAN: You went to the Railway Platform No. 1 near the Police Station and found Jatiya Ji was being taken by the Police.

SHRI ARUN JAIN: Then I went to the Police Station inside. There was the Collector and the S.P. standing there. Then I enquired from them what had happened. They said that these persons had come in the Station and they were trying to stop the Indore-Bhopal train, which was to leave. . .

SHRI Y. S. MAHAJAN: Was there a Rail Roko Agitation?

SHRI ARUN JAIN: This was told to me by the Collector.

MR. CHAIRMAN: You have not witnessed it?

SHRI ARUN JAIN: No. When I reached there everybody had dispersed and everything was over. Only Mr. Jatiya was being taken out and the Collector and the SP and some policemen were there.

MR. CHAIRMAN: Did you see any stoning by the crowd?

SHRI ARUN JAIN: No, Sir. They gave me this summary that they were trying to stop the train. That is why we have arrested them. Then I came out of the platform and Jatiya Ji was being taken in a Jeep. There I asked him what had happened. This is as usual that we enquire from the Administration and from others also. Mr. Jatiya said: "The Collector and the S.P. had ordered Lathi Charge and they had beaten some persons and me also, and I have asked for a Judicial Inquiry." This is the statement I have given in my newspaper also.

MR. CHAIRMAN: Your paper is a daily paper?

SHRI ARUN JAIN: It is a daily paper and is the only leading newspaper in Hindi from Madhya Pradesh.

Since I was having only one record copy there, I have got the photo copy of the news which I have published.

MR. CHAIRMAN: Have you got a copy of this?

SHRI ARUN JAIN: No, I have not taken that copy, because we are having only one copy in the record. I have got the photo-copy.

SHRI K. RAMAMURTHY: I want to know whether you are keeping the photo-copy of the full newspaper or the cutting.

SHRI ARUN JAIN: Only the portion which I had published.

MR. CHAIRMAN: This is an extract.

This is the news which you gave after you saw all these things.

SHRI ARUN JAIN: When I came back from the railway station, I got a message from the Deputy Director, Publicity, that the Collector was addressing a Press Conference. At about 1 P.M. or 1.30 P.M. we went there. Whatever version the Collector gave, I had published it.

SHRI K. RAMAMURTHY: When you started giving evidence, you said that you had received a telephonic call about the agitation in the railway station. But now you are telling that you had received a telephonic call in regard to the Collector's Press Conference. Which is correct?

SHRI ARUN JAIN: This was a later development when I came back from the railway station.

श्री जयपाल सिंह कश्यप : आप यह बतलाइए कि जब आप पुलिस स्टेशन पहुंचे, तो जटिया साहब कस्टडी में थे और उन के साथ और भी जो एजीटेटर्स थे, वे भी कस्टडी में थे ?

श्री अरुण जैन : कस्टडी में उस वक्त केवल जटिया साहब थे ।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : कुछ और लोग भी वहां दिखाई दे रहे थे ?

श्री अरुण जैन : 5–7 लोग और भी थे ।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : पुलिस स्टेशन के अन्दर थे या बाहर थे ?

श्री अरुण जैन : पुलिस स्टेशन के बाहर थे ।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : जटिया साहब के लोग थे या दर्शक थे ?

श्री अरुण जैन : कुछ लोग थे । इनमें से थे या दर्शक थे, यह मैं नहीं कह सकता ।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : आपको इस घटना की सही जानकारी मिली या नहीं ?

श्री अरुण जैन : घटना की सही जानकारी के लिए तो हमें एडमिनिस्ट्रेशन पर ट्रस्ट करना पड़ता है ।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : कौन से फैक्ट्स सही हैं, यह जानकारी आपको मिली या नही ?

श्री अरुण जैन : हमें दोनों वर्शन्स मिले और वही हम ने दिये ।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: I believe that you had already told the honourable Chairman that you had not witnessed any incident.

SHRI ARUN JAIN: Yes, Sir.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: When you reached the railway station, whatever had taken place, was over. Now, if somebody says that you were a witness to stone-throwing or deliberate violation of law by Shri Jatiya or you yourself had been throwing when some policemen were injured, that would not be a correct statement.

SHRI ARUN JAIN: No.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: Did any police authority from the Madhya Pradesh Government approach you regarding preparation of a statement for submission before the Parliament?

SHRI ARUN JAIN: Till today no.

SHRI Y. S. MAHAJAN: When did they arrest?

SHRI ARUN JAIN: At that time, he did not give me the total number of people arrested. They said, "I will tell you the exact number in the Press Conference."

SHRI Y. S. MAHAJAN: How many people were arrested?

SHRI ARUN JAIN: I was told in the Press Conference that five people including Mr. Jatiya were arrested.

SHRI Y. S. MAHAJAN: Did you see the other four people?

SHRI ARUN JAIN: I cannot recognise them.

SHRI K. RAMAMURTHY: Did you find any injury in the body of Mr. Jatiya when you saw him sitting outside the police station?

SHRI ARUN JAIN: No.

SHRI K. RAMAMURTHY: You did not find any visible injury in his body.

SHRI ARUN JAIN: No. He was somewhat limping.

SHRI K. RAMAMURTHY: Did you not enquire from him why was he limping?

SHRI ARUN JAIN: When I asked him about it, he said, "Police made a lathi charge."

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: In December 1981, was there any other local representative of *Nai Duniya* by the name Arun Jain, apart from yourself?

SHRI ARUN JAIN: No.

MR. CHAIRMAN: Mr. Chandrakar, before you came, as you remember, last time, we decided that he should be summoned before the Committee. He is good enough to come at short notice. He said, for the first time, he went to the railway police station on Platform No. 1. At that time, Mr. Jatiya was being taken in a jeep and DM and DSP were there. He said that he had neither seen stones throwing by the crowd nor the incident nor the beating up, etc. Then he mentioned about the Press Conference. Whatever he had been told about him in the Press Conference he had given that in the newspaper

श्री चन्दूलाल चन्द्राकर : आप को कितने ही साल रिपोर्टिंग करते हुए हो गये हैं। आपने बताया है कि आन दि स्पोट आप ने देखा नहीं और जो प्रेस कान्फेंस में मालूम हुआ या जो आप ने सुना है, वह आप ने पेपर में लिखा है। मैं यह जानना चाहता हूं कि जटिया साहब के साथ कहां पर और किस तरह की ज्यादती हुई है, इस की निजी तौर पर आप को जानकारी है या नहीं ?

श्री अरुण जैन : निजी तौर पर बातचीत से जो पता लगा है, वह मैंने बताया है। उन्होंने कहा था कि पुलिस ने लाठी चार्ज किया और डंडे मारे उन को और दूसरे

लोगों को भी। यह जानकारी मुझे मिली थी लेकिन एक्चुअल फैक्ट्स जानने के लिए और कोई हमारे पास सोर्स नहीं है ।

We can get information either from the administration or from the person concerned. That is the only way to get information.

श्री चन्द्रलाल चन्द्राकर : अखबार वाले तो इन्वेस्टीगेटिंग रिपोर्ट काफी डिटेल्स में करते हैं चाहे घटना के बारे में मालूम हो या न हो लेकिन कई जगहों पर जा कर और कई सूत्रों से, कई सोर्सेज से वे पता करते हैं । आप तो एक बहुत ही उत्तरदायित्व पत्र के बहुत अच्छे और उत्तरदायी संवाददाता हैं । इसलिए स्वाभाविक है कि डिटेल्स का पता लगाने के लिए आप घटनास्थल पर या और कहीं गये होंगे, जिन को आप ने अपने पत्र में नही लिखा है । वे डिटेल्स क्या हैं और सच्चाई क्या है, यह मैं जानना चाहता हूं ।

क्या आप ऐसी कोई बात बता सकते हैं जिससे समिति को सही जानकारी मिल सके । एक उत्तरदायी पत्रकार की हैसियत से आप समिति की कुछ मदद कर सकते हैं ऐसी हमारी आशा थी ।

श्री अरुण जैन : अखबार ज्वाइन करने के बाद मुझे शुरू से यही शिक्षा दी गई कि इन्वेस्टीगेटिंग रिपोर्टिंग को महत्व न दिया जाए । शुरू से ही मुझे इस प्रकार का परामर्श दिया गया है जो फैक्ट्स हों और लोगों के वरशन हों वही दिए जाएं । हमारे यहां शुरू से ही इन्वेस्टीगेटिंग रिपोर्टिंग को पसंद नही किया जाता ।

श्री चन्दूलाल चन्द्राकर : हमें तो आपसे बड़ी उम्मीद थी कि एक अच्छे पत्र के उत्तरदायी पत्रकार के नाते आप जो जानकारी देंगे वह कमेटी के लिए लाभदायक होगी। आपने जिस ढंग से बताया है, उससे कोई नई चीज प्रकाश में नही आई है ।

श्री अरुण जैन : नई चीज होगी तभी तो बताऊंगा ।

MR. CHAIRMAN: Does your paper *'Nai Duniya'* represent the views of any political party?

श्री अरुण जैन : ऐसा कुछ नहीं है, इन्डिपेंडेंट है ।

MR. CHAIRMAN: Thank you very much.

(The witness then withdrew)

Tuesday, 17 April, 1984

PRESENT

Shri R. R. Bhole—*Chairman*

MEMBERS

2. Shri Chandulal Chandrakar
3. Shri Somnath Chatterjee

4. Shri Indrajit Gupta
5. Shri Jaipal Singh Kashyap
6. Shri Jagan Nath Kaushal
7. Shri Y. S. Mahajan
8. Shri Ramayan Rai
9. Shri Zainul Basher

SECRETARIAT

(1) Shri M. P. Gupta—*Chief Examiner of Bills and Resolutions*

(2) Shri T. S. Ahluwalia—*Senior Table Officer*

WITNESS

Shri H. P. Singh,
the then Superintendent of Police,
Ujjain and now Deputy Transport
Commissioner, Gwalior.

(*The Committee met at* 14.30 *hours*)

Evidence of Shri H. P. Singh, the then Superintendent of Police and presently Deputy Transport Commissioner, Gwalior.

MR. CHAIRMAN: Shri H. P Singh, the Committee of Privileges have carefully gone through the evidence and other documents produced before the Committee and are not convinced by the evidence given by you before the Committee.

The Committee note that you have denied the allegations made by Shri Satyanarayan Jatiya, M.P., that you caught hold of both his hands and ordered the policemen to lathi-charge him. You, however, conceded before the Committee that Shri Jatiya might have been hit once or twice by the police constables who were chasing the crowd with batons in their hands.

Shri Jatiya also alleged that you had used abusive language, shouted at him in a very insulting tone and said, "Badmash, Goonde Kaheen ke. Netagiri Karta hai, teri netagiri abhi thikaney laga deta hoon. Kaminey, Harijan Kahin ke, Sansad Sadasya ban gaya to apni aukat bhool gaya". This allegation has been denied by you but the Committee finds no reason why Shri Jatiya should have made this allegation against you without any basis.

The Committee notes that the position stated in the factual note furnished by the Government of Madhya Pradesh had been contradicted before the Committee by Shri Babu Lal Jain, ex-Minister

of Madhya Pradesh and Shri Arun Jain, local representative of *Nai Duniya*, whose names had been cited in the factual note in support of the position stated therein.

Probably, you remember that the Government, when asked to give an explanation before we deliberate, said that they have got the same story which you have given, and the note says that Shri Babu Lal Jain and Shri Arun Jain will support your story. But when they appeared before this Committee, they did not support the story at all.

The Committee, after careful consideration of the evidence and other documents, have come to the conclusion that Shri Satyanarayan Jatiya, M.P., was assaulted and beaten by the policemen under your orders on 15 December, 1981, at Ujjain Railway Station. Further, you had also used abusive language in respect of Shri Satyanarayan Jatiya, M.P., which was highly derogatory to a Member of Parliament.

Before proceeding to deliberate further in the matter, the Committee would like to give you another opportunity to have your say in the matter, in view of the above findings of the Committee.

Have you got anything else to say after what I have stated?

SHRI H. P. SINGH: I do not have to say anything. I have already stated earlier.

MR. CHAIRMAN: I have just now said that the Committee has come to the conclusion that the Member of Parliament in question was assaulted under your orders by the police, and as a result of it he was beaten. I have also mentioned that the Committee did not believe what you say, namely that you have not abused Shri Jatiya at all. We believe that what Shri Jatiya has said, namely, that you have badly abused him about which I have mentioned and I have also mentioned that after careful consideration we have come to the conclusion that you have used abusive language and that he was beaten up at the Railway Station by the Police.

SHRI H. P. SINGH: In view of the finding of the Committee, I express my sincere regrets and tender unconditional and unqualified apology for lapses on my part.

MR. CHAIRMAN: Thank you. You can go.

(The witness then withdrew)

The Committee then adjourned.

APPENDIX

APPENDIX

(*See* paras 17 and 18 of the Report)

Copy of the factual note on the incident of assault on Shri Satyanarayan Jatiya, M.P., on 15 December, 1981 at Railway Station, Ujjain, furnished by the Government of Madhya Pradesh through the Ministry of Home Affairs.

A bundh call was given by the Joint Action Committee (AITUC, CITU and BMS) for the 15 December, 1981 in protest against lay off in local Vinod and Vimal Mills.] It was planned to have a bundh from 6 A.M. to 6 P.M. in the town. The District authorities ordered closure of all educational institutions as a precautionary measure for the day. The crowd started collecting in front of Indore Mill Gate and a procession of about 4,000 started, attempted closure of Hira Mill and forced the labour working to join the procession. It also tried to stop a bus carrying labour and stoned the same. There was sporadic stone pelting at various places in the town and the M.P. State Road Transport Corporation Buses and Dairy Development Corporation Milk Vans were stoned. Cinema Halls and Hospitals were also not spared. The procession culminated in a public meeting, which was addressed by Shri Satyanarayan Jatiya, Member of Parliament who incited the people to go in batches to get the remaining shops closed. The public meeting ended but Shri Jatiya without any prior programme of the action committee collected some students of Vidyarthi Parishad (BJP) and went to the Railway Station. They lay down before Indore-Nagda and Ratlam-Bhopal trains. The District Magistrate and Superintendent of Police rushed to the Railway Station with necessary force but were subjected to stone pelting. Some students of Vidyarthi Parishad spread a rumour that Shri Jatiya was being beaten up by police, which led to the dispersing crowd of public meeting to reach Railway Station again and a very heavy stone pelting started. The crowd of about 2000 was asked to disperse. In the meantime Shri Jatiya while climbing on the platform from the Railway Track fell down and sustained injuries on his leg. Shri Jatiya was requested by the Superintendent of Police to disperse and return by the same route as he had entered the railway premises but Shri Jatiya was not amenable to any reasoning. The crowd went on stoning with the result that Platoon Commander, Nanku Singh, Head Constable

Dulare Singh and Barelal received serious injuries. This was witnessed by the *Nai Duniya* local representative, Shri Arun Jain. Head Constable Dulare Singh had to be rushed to the Hospital. The policemen tried to apprehend Shri Jatiya but he grappled with them and in the process, falling on the platform and throwing his limbs about, Shri Jatiya caused himself minor injuries. With great difficulty, he was conducted to the District Jail. On the way he did mention to the A.D.M. Shri Mahadik that he was only staging a drama to attract attention to himself and to his Political Party. Stone pelting went on causing damage to Fire Brigade Van and injuries to employees. Apart from one Town Inspector, two Sub-Inspectors and one Head Constable, several Constables were injured. Several anti-social elements were arrested for violation of Section 144 Cr P.C . Thereafter senior leaders of BJP like ex-Minister Shri Babulal Jain, President Shri Dongre MLA Shri Babulal Firoziya etc. came to the Police Station and requested for the release of Shri Jatiya, M.P. assuring that they would maintain peace, would not hold any public meeting or take out procession. Yet immediately on his release, Shri Jatiya addressed a public meeting in Budhvaria Bazar and again incited people to violence. Shri Jatiya also declared that he would come to Bhopal on 17th and would be carried on stretcher to meet the Hon'ble Speaker, Lok Sabha—Shri Jakhar during the visit to Bhopal to dramatise the alleged excesses of police. Shri Babulal Jain, ex-Minister, had at the Police Station disclosed that during his talk on telephone with Shri Jatiya while in Jail, Shri Jatiya had confessed to him that but for the Superintendent of Police's intervention, he would have received more serious injuries, during his attempted scuffle with the Police. This confirms that there was no murderous assault by Police on Shri Jatiya and that while Shri Jatiya was deliberately trying to entangle himself in a scuffle with Police, the Superintendent of Police intervened and prevented it. The District Magistrate and the Superintendent of Police acted with exemplary restraint, which helped in diffusing the situation. Thus five injuries caused to Shri Jatiya were due to his own acts. Injuries as examined by the Medical Officer immediately after the incident comprise of 4 superficial confusions, one each on left leg vertex of head right had below little finger right thigh and one abrasion on right knee joint. As such there was neither any murderous assault on Shri Jatiya by police nor by Superintendent of Police or the Magistracy. Whatever simple injuries were sustained by Shri Jatiya were as a result of his own doing.

© 1984 BY LOK SABHA SECRETARIAT

Published under Rule 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Sixth Edition) and printed by the General Manager, Government of India Press, Minto Road, New Delhi.